ाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित फाल्गुन कृष्णा पक्ष नवमी विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 6, अंक 92, पृष्ठ 18, मूल्य: 6 रुपये बरेली, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025

Page No:05 Middle

# हरदोई स्ट्राइकर्स ने ओएसिस क्रिकेट अकेडमी को एक रन से हराया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन गुरुवार को पहला मैच हरदोई स्ट्राइकर्स और ओएसिस क्रिकेट एकेडमी बरेली के बीच और दूसरा मैच आईके कलेक्शन बरेली और गज ग्रीन्स बरेली के बीच खेल गया।

बारिश की वजह से अंपायरों ने दोनों मैच को 20 के स्थान पर 17 ओवर का निर्धारित किया। इसमें हरदोई स्ट्राइकर्स ने ओएसिस क्रिकेट अकेडमी को एक रन से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की। वहीं एकतरफा मैच में आईके कलेक्शन ने गज ग्रीन बरेली को आठ विकेट से हराया। पहले मैच में दो ओवर में 5 विकेट लेने वाले हरदोई के गेंदबाज विशाल राज को और दूसरे मैच में तीन विकेट लेने वाले आईके कलेक्शन के गेंदबाज पर्व सिंह को मैन आफ द मैच चुना गया।

## टेबल टेनिस में किसी खिलाड़ी का नहीं हुआ चयन

बरेली, अमृत विचार : खेल निदेशालय की ओर से छात्रावास में प्रवेश के लिए 12 से 15 वर्ष के खिलाड़ियों के लिए जिला स्तरीय ट्रायल गुरुवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में किए गए। बालक वर्ग में हॉकी में 4, फुटबॉल में 7, टेबल टेनिस में 4 और वालीबॉल में 5 खिलाड़ी ट्रायल में शामिल हुए, जिसमें से हॉकी के 4, फुटबॉल के 2, वालीबॉल के 4 खिलाड़ी चयनित हुए। टेबल टेनिस में 4 में से कोई भी खिलाड़ी फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर सका। स्विमिंग और जिम्नास्टिक में एक भी खिलाड़ी नहीं पहुंचा। आयुष कुमार, जहरान, हुसैन, तौहिद, अहमद, फैजित, अंश, हर्ष, मो. आमिर, कमर अली, मो. उजैर, साहिल का चयन किया गया। ये खिलाड़ी मंडल स्तरीय ट्रायल में 27 फरवरी को स्पोर्ट्स स्टेडियम में ही प्रतिभाग करेंगे। वहीं 22 फरवरी को बालिका वर्ग में हॉकी, फुटबॉल, टेबल टेनिस, जिम्नास्टिक, स्विमिंग, वालीबॉल के ट्रायल होंगे।